# स्कूली बच्चों को दिलाया गया स्वच्छता का शपथ

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई वार्ड क्रमांक 33 संतोषी पारा के एस.एल.आर.एम. सेंटर में स्कूली बच्चों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। बच्चों को स्वच्छता का संदेश देते हुए बताया गया कि सूखा कचरा नीला एवं गीला कचरा हरा डस्टबिन में अलग–अलग रखा जाना चाहिए। निगम का सफाई मित्र घरो से निकले कचरे को एकत्र कर एस.एल.आर.एम. सेंटर तक पहुंचाने का काम करते है। यह भी बताया गया कि स्वच्छता दीदीयां किस प्रकार कचरे से पॉलीथिन, प्लास्टिक, धातु और अन्य सामग्रियों को अलग करते हैं । गीला कचरे को मशीन में डालकर खाद बनाने तक की प्रक्रिया को समझाया गया। वही खाद बागवानी में भी उपयोग में लाया जाता है। बच्चों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के साथ अपने घरो एवं आस–पास सफाई रखने शपथ दिलाया गया। प्रशिक्षण के दौरान स्वच्छता निरीक्षक चूड़ामणि यादव सहित स्कूल के शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

